# 304 (Old Syllabus)

III

**Total No. of Questions – 16**
**Total No. of Printed Pages – 4**

Regd. No. | | | | | | | | | | |

## Part – II
## HINDI, Paper – I
## (Second Language)

*Time : 3 Hours ]* *[ Max. Marks : 100*

**सूचनाएँ :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) जिस क्रम से प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

**खण्ड – 'क'** **(60 अंक)**

I. निम्नलिखित किसी एक पद्यांश का भावार्थ लिखिए : **1 × 6 = 6**

लघुता से प्रभुता मिले, प्रभुता से प्रभु दूरि ।
चींटी ले सक्कर चली, हाथी के सिर धूरि ।।

अथवा

आ जा बचपन ! एक बार फिर दे दे अपनी निर्मल शांति ।
व्याकुल व्यथा मिटाने वाली वह अपनी प्राकृत विश्रांति ।।

II. किसी एक कविता का सारांश लिखिए : **1 × 8 = 8**

(1) वर दे वीणावादिनी वर दे

(2) वीर

III. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए : **1 × 8 = 8**

(1) जगाने का अपराध

(2) ईद और होली

IV. किसी एक कहानी का सारांश लिखिए : **1 × 8 = 8**

(1) शरणागत

(2) पच्चीस चौका डेढ़ सौ

V. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(1) जब तू आया जगत में, लोग हँसे तू रोए ।
ऐसी करनी न करी, पाछे हँसे सब कोए ।।

**अथवा**

गो-धन, गज-धन, बाजि-धन और रतन-धन खान ।
जब आवत संतोष-धन, सब धन धूरि समान ।।

(2) ऊँच-नीच का ज्ञान नहीं था छुआछूत किसने जानी ?
बनी हुई थी वहाँ झोंपड़ी और चीथड़ों में रानी ।।

**अथवा**

हमने बिगड़कर भी बनाये जन्म के बिगड़े हुए,
मरते हुए भी हैं जगाये मृतक-तुल्य पड़े हुए ।
गिरते हुए भी दूसरों को हम चढ़ाते ही रहे,
घटते हुए भी दूसरों को हम बढ़ाते ही रहे ।।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(1) प्रसिद्ध पुरुषों के चरित्रों के अनुकरण करने से मनुष्य में पूर्णता आती है ।

(2) कितने ही उपायों के द्वारा समझाता आ रहा है कि यह माता, पुत्री, पत्नी आदि त्रिगुणात्मक उपाधियों से रहित जीवनमुक्त नारी-मात्र है ।

(3) संसार के बहरों के कान खोलने के लिए मैंने बम फेंका है । यह है मेरी पिस्तौल । आप मुझे शौक से गिरफ्तार कर सकते हैं ।

(4) उन्होंने जब सब लोगों के एकाउण्ट में रुपये रखे तो मेरे ही एकाउण्ट में क्यों नहीं रखे ?

VII. **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) कबीर के गुरु कौन थे ?

(2) तुलसी के गुरु कौन थे ?

(3) कौन हमें अशिक्षित और असभ्य मानते हैं ?

(4) सुभद्राजी का जन्म कहाँ हुआ ?

(5) विपत्तियाँ किसको दहलाती हैं ?

VIII. **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) 'आत्मनिर्भरता' निबन्ध के निबन्धकार कौन हैं ?

(2) भगतसिंह के पिताजी का नाम क्या है ?

(3) हमीदा और राम के बीच में कौन सा संबंध है ?

(4) पति की मृत्यु के बाद अभागी स्त्री कहाँ जाना चाहती है ?

(5) रुद्रमदेवी के पिता का नाम क्या है ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

IX. निम्नलिखित में से कोई **एक** पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

पाठ्यपुस्तकें मंगाते हुए पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखो ।

**अथवा**

प्रधानाचार्यजी के नाम छुट्टी-पत्र लिखिए ।

X. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) अमृत
(2) आशा
(3) इष्ट
(4) उपकार
(5) गरीब
(6) जन्म
(7) सुख
(8) राजा

XI. किन्हीं पाँच (5) शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) अहार
(2) ईक
(3) उपनयास
(4) काना
(5) धोका
(6) बारत
(7) चात्र
(8) धम्र

XII. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) अमृत
(2) असुर
(3) अश्व
(4) आग
(5) आनंद
(6) इन्द्र
(7) ईश्वर
(8) कमल

XIII. किन्हीं पाँच (5) पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) Award
(2) Advance
(3) Education officer
(4) Cashier
(5) Junior
(6) Sir
(7) Typist
(8) Gazette

XIV. कारकं चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) राम _______ रोटी खाई है ।

(2) सीता घर _______ निकलती है ।

(3) मेज _______ पुस्तकें रखी हैं ।

(4) चीता घोड़े _______ तेज दौड़ता है ।

(5) मेरी कलम जेब _______ है ।

XV. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) वह एक सुनार है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)

(2) हम भारत के निवासी हैं । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)

(3) कबीर 'अनपढ़' कवि थे । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)

(4) बच्चे आपस में लड़ाई करते हैं । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

(5) राम पुस्तक पढ़ता है । (भविष्यत् काल में लिखिए ।)

XVI. किन्हीं पाँच (5) वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) राम रावण मारा ।

(2) मेरे को कुछ न बोलो ।

(3) राधा ने पत्र लिखी ।

(4) वह सबसे सुन्दरतम है ।

(5) तेरे को क्या काम है ।

(6) वह दान दिया ।

(7) वह ऊब आया ।

(8) उनका दर्शन हुआ ।

(9) मैं पाठ पढ़ेगा ।

(10) राम पाठशाला जाती है ।